कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक- 06.03.2023

थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा सड़क दुर्घटना मे हुई मृत्यु के मामले में वांछित अभियुक्त सुरेश मौर्या गिरफ्तार

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराध व अपराधियों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में, श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के कुशल नेतृत्व में थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-06.03.2023 को मु0अ0सं0-0098/2023 धारा 279/337/338/304ए भादवि से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त सुरेश मौर्या पुत्र स्व0लक्ष्मी शंकर मौर्या निवासी-चुनाडीह थाना चौबुपर वाराणसी को समय करीब 10.40 बजे सिंहपुर अन्डरपास से गिरफ्तार किया गया। उक्त के सम्बन्ध में थाना सारनाथ पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण-दिनांक 05.03.2023 को सिंहपुर स्टैन्ड के पास आटो का इन्तजार कर रहे लोगों की गाड़ी नं0 MP18T3764 से एक्सीडेंट के कारण मौके पर 03 लोगों की मृत्यु हो गयी, जिसके संबंध मे प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना सारनाथ मे मु0अ0सं0-0098/2023 धारा 279/337/338/304ए पंजीकृत कर, विवेचना उ0नि0 सोमन कुमार द्वारा संपादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

सुरेश मौर्या पुत्र स्व0 लक्ष्मी शंकर मौर्या निवासी-चुनाडीह थाना चौबुपर वाराणसी, उम्र 35 वर्ष।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1.प्रभारी निरीक्षक धर्मपाल सिंह थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

2.उ0नि0 सोमन कुमार थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

3.का0 सिकन्दर थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी

Welfare